विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-04 का उत्तरः-

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 4(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगें कि वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जिला चिकित्सालयों में कितने चिकित्सकों के पद स्वीकृत है और कितने रिक्त है? | वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत आने वाले श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 48 तथा रिक्त पद 11 है एवं अमर शहीद उमानाथ सिंह, जिला चिकित्सालय, जौनपुर में स्वीकृत पद 25 तथा रिक्त पद 02 है। वाराणसी मण्डल में जनपद गाजीपुर/चन्दौली में जिला/महिला चिकित्सालय को सम्मिलित करते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की गयी है।<br>मिर्जापुर मण्डल के अन्तर्गत आने वाले महाराजा चेत सिंह, जिला चिकित्सालय, ज्ञानपुर भदोही में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 24 एवं रिक्त पद 08 है। मिर्जापुर मण्डल के जनपद मिर्जापुर/सोनभद्र के जिला/महिला चिकित्सालय को सम्मिलित करते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की गयी है।<br>आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत आने वाले मण्डलीय जिला चिकित्सालय, आजमगढ़ में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 43 एवं रिक्त पद 01 है। जिला चिकित्सालय, बलिया में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 33 है एवं कोई रिक्त पद नही है। जिला चिकित्सालय, मऊ में चिकित्सकों के स्वीकृत पद 30 एवं रिक्त पद 03 है। |
| (ख) | उक्त का सम्पूर्ण विवरण क्या है? | उपर्युक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री।